Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Bauri Ms. Susmita

an>

Title : Problems being faced by I.C.D.S. workers.

श्रीमती सुस्मिता बाउरी (विणुपुर) : आज हमारे देश की बहुत सारी महिलाएं, जो आईसीडीएस वर्कर का काम करती हैं, वे हमारी पार्लियामेंट के विजन में शामिल हुयीं और आज 25 जुलाई से 3 अगस्त तक रिले अनशन में बैठी हैं। ये महिलाएं हमारे गांवों की गर्भवती महिलाओं और जीरो से छः साल तक के बच्चों के लिए काम करती हैं। आप तो जानते हैं कि हमारे देश में बहुत सारे गांव हैं। गांवों के आदिवासी लोग बहुत गरीब हैं, उनको ठीक से खाना भी नहीं मिलता, शिक्षा भी नहीं मिलती। यह काम करने से गांव में थोड़ा सा सुधार आया है। इन लोगों को गवर्नमेंट की भी बहुत सारी स्कीम्स में काम करना पड़ता है। दिन में सात-आठ घंटे इन लोगों को काम करना पड़ता है, लेकिन इनको उतनी मजदूरी नहीं मिलती cè[c50]।

उन्हें राज्य सरकार की तरफ से भी कुछ दिया जाता है। सब मिलाकर उन्हें 900 रुपये या 1200 रुपये मिलते हैं। अभी महंगाई का जमाना है और सब चीजों के दाम बहुत बढ़ गए हैं। इसलिए वे लोग धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी मांग है कि उन्हें परमानैंट किया जाए। उनकी सैलरी 2000 रुपये, 3000 रुपये की जाए। उन्हें ग्रेड-3 और ग्रेड-4 इम्प्लॉई किया जाए और बाकी सारे बैनीफिट्स दिए जाएं। उन्हें रिटायरमैंट के समय एक लाख, पचास हजार रुपये मिलने चाहिए।

इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।